Date: February 15th, 2024

**To,**
**BSE Limited,**
**Phiroze Jeejeebhoy Towers,**
**Dalal Street,**
**Mumbai - 400 001**

**Scrip Code: 531156**
**Trading Symbol: ALFAVIO**

**Sub: Newspaper Advertisement-Unaudited Financial Results for the quarter ended December 31st, 2023.**

**Dear Sir/ Ma'am ,**

Pursuant to Regulations 47 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, please find enclosed herewith the newspaper advertisement for the Unaudited Financial Results of the Company for the quarter ended December 31st, 2023, published on 15th February, 2024 in the newspaper "Global Herald."

These are also being made available on the Company's website at www.alfavisionoverseasindia.com.

This is for your information and records.

Thanking you,

Yours faithfully,
**For Alfavision Overseas (India) Limited**

RAVI GOYAL Digitally signed by RAVI GOYAL Date: 2024.02.15 11:52:48 +05'30'

**Ravi Goyal**
**Director**
**DIN: 02839450**

न्यूज ब्रीफ

## स्वास्थ्य-चिकित्सा क्षेत्र में बेहतर योगदान देने के लिए इंदौर की यूनिवर्सिटी सम्मानित, मिला अवॉर्ड



**इंदौर (ग्लोबल हेराल्ड)।** इंदौर की एक मेडिकल यूनिवर्सिटी को देशभर की यूनिवर्सिटी के कॉन्क्लेव में सम्मानित किया गया है। स्वास्थ्य और चिकित्सा क्षेत्र में बेहतर योगदान देने के लिए इस यूनिवर्सिटी को मोस्ट प्रोमिसिंग मेडिकल यूनिवर्सिटी का पुरस्कार दिया गया है। अहमदाबाद में आयोजित वर्ष 2024 के शिक्षा नेतृत्व पुरस्कार समारोह में इंदौर की मालवांचल यूनिवर्सिटी को यह सम्मान प्रदान दिया गया है। यह सम्मान चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में बेहतर कार्य करने के लिए गुजरात सरकार के टेक्निकल एग्जामिनेशन बोर्ड के चेयरमैन डॉ. विनय कुमार पुरानी ने प्रदान किया। सम्मान प्रो. (डॉ.) लोकेश्वर सिंह जोधाणा एवं रूपेश वर्मा ने प्राप्त किया। पुरस्कार स्वरूप एक ट्रॉफी तथा एक प्रमाण पत्र दिया गया।

## इंदौर के रेसीडेंसी एरिया के भू-सर्वेक्षण प्रारंभ करने की अधिसूचना जारी, भू-सर्वेक्षण के दौरान नवीन अधिकार अभिलेख तैयार किया जाएगा

**इंदौर (ग्लोबल हेराल्ड)।** इंदौर जिले के जूनी इंदौर तहसील क्षेत्र के रेसीडेंसी एरिया को भू-सर्वेक्षण के अधीन अधिसूचित किया गया है। मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता (भू-सर्वेक्षण तथा भू-अभिलेख) के अनुसरण में कलेक्टर एवं जिला सर्वेक्षण अधिकारी श्री आशीष सिंह द्वारा भू-सर्वेक्षण प्रारंभ करने की अधिसूचना जारी कर दी गई है। आयुक्त भू-अभिलेख मध्यप्रदेश द्वारा जारी अधिसूचना क्रमांक भू-सर्वेक्षण 212023-2023, 12 मई 2023 जो कि राजपत्र में प्रकाशित की गई है। इसमें वर्णित क्षेत्र रेसीडेंसी एरिया भू-सर्वेक्षण के अधीन अधिसूचित किया गया है। अपर कलेक्टर श्रीमती सपना लोवंशी ने बताया है कि भू-सर्वेक्षण के दौरान नवीन अधिकार अभिलेख तैयार किया जाएगा। जिसमें समस्त खातेदारों के नाम, उनके अंश, दायित्व तथा सुखाचार अधिकार अभिलिखित किए जाएंगे तथा ग्रामों के लिए निस्तार पत्रक तथा वाजिब-उल-अर्ज भी तैयार किया जायेगा। उन सभी व्यक्तियों से जो कि प्रभावित हो सकते हैं, उनसे यह अपेक्षा की गई है, कि वे उक्त सर्वेक्षण संक्रियाओं के दौरान अपने क्षेत्र में उपस्थित रहें तथा अभिनियोजित कर्मचारियों को सहयोग करें। भूमि में उनके स्वत्व, सीमाओं, अंशों, दायित्वों और अधिकारों को उपलब्ध कराएं। यह समस्त भूमिस्वामी के हित में होगा। भूमिस्वामी अपने दस्तावेजों को कलेक्टर कार्यालय के कक्ष कमांक 112 में 15 फरवरी 2024 से 01 मार्च 2024 (सोमवार से शुक्रवार) तक कार्यालयीन समय में जमा करायें। दस्तावेजों की जाँच उपरांत शासकीय अभिलेख का निर्माण किया जा सकेगा।

## दिव्यांगजनों को नौकरी देने के लिए प्रायवेट कम्पनियां आने लगी है आगे

**इंदौर (ग्लोबल हेराल्ड)।** विश्व सामाजिक न्याय दिवस के अवसर पर कलेक्टर श्री आशीष सिंह की पहल पर 20 फरवरी 2024 को जिले के दिव्यांगजनों के लिए रोजगार/स्वरोजगार मेला आयोजित किया जा रहा है। इस मेले में दिव्यांगजनों को नौकरी देने के लिए बड़ी संख्या में प्रायवेट कम्पनियां आगे आ रही हैं। दिव्यांगजनों को नौकरी देने के लिए अभी तक 31 कंपनियों/होटलों ने अपनी सहमति प्रदान की है। यह मेला ग्रामीण हाट बाजार ढक्कनवाला कुआँ इंदौर में प्रातः 09 बजे से शाम 05 बजे तक आयोजित किया जायेगा। मेले में नौकरी देने के लिए होटल लेमन ट्री, होटल शेरेटन ग्रैंड, होटल मैरियट, होटल सयाजी, होटल प्रेसिडेंट, होटल श्रीमाया ने प्रमुख रूप से अपनी सहमति दी है। इसी तरह निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठित टेली परफॉर्मेंस, लाइफ स्टाइल प्राइवेट लिमिटेड, मैक्स रिटेल प्राइवेट लिमिटेड, केमको च्यू फूड्स, राज वर्क इंडस्ट्रीज, विजयश्री पैकेजिंग, वन पाईंट वन टीम, टीम एचआर, आइसीआइसीआइ डायरेक्ट, सक्सेस पॉइंट, एमजीसीआई इंस्टीट्यूट, अथर्व पैकेजिंग, ब्यूटी मार्ट, ईवा वॉटर प्यूरीफायर, शादी ब्याह.कॉम, रिलायंस स्मार्ट बाजार, फेवरेट फूड्स प्राइवेट लिमिटेड, समृद्धि एसोसिएट्स, क्रोमा, चॉइस ब्रोकिंग प्राइवेट लिमिटेड, विशाल मेगा मार्ट, थिंकिंग बींस प्राइवेट लिमिटेड, यस कंप्यूटेक, मैक्सियस टेक्नोलॉजी के प्रतिनिधि भी मेले में उपस्थित रहकर दिव्यांगो को उनकी कार्य-कुशलता एवं शैक्षणिक योग्यता को दृष्टिगत रखते हुए नौकरी देंगे। इसी के साथ ऐसे दिव्यांगजन जिन्हें स्वरोजगार की आवश्यकता है उन्हें विभिन्न विभागों के अंतर्गत स्वरोजगार के लिए संचालित योजनाओं का लाभ दिलाये जाने हेतु चिन्हांकित किया जायेगा।

## आधे सत्र में कॉलेज ने हाथ किए ऊंचे, डीएवीवी के रजिस्ट्रार के हस्तक्षेप पर भी नही माने कॉलेज संचालक

**इंदौर (ग्लोबल हेराल्ड)।** विद्यार्थियों का पूरा साल बर्बाद करने के बाद भी निजी कॉलेज फीस लौटाने और टीसी देने में आनाकानी कर रहा है। देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के हस्तक्षेप करने के बाद भी कॉलेज ने कोई कार्रवाई नहीं की है। एक बार फिर विद्यार्थियों को खाली हाथ लौटना पड़ा है। अब फीस मांगने पर उनसे एफिडेविड मांगा जा रहा है। निजी कॉलेज ने एमबीए में एडमिशन देने के लिए जुलाई में 6 विद्यार्थियों से उनके डाक्यूमेंट जमा कराने के साथ ही 35 हजार रुपए फीस भी ली थी। जब जनवरी में एनरॉलमेंट नंबर नहीं आया, तो विद्यार्थियों ने कॉलेज में बात की, तब उन्हें बताया गया कि उनका एडमिशन हुआ ही नहीं है। चौंकाने वाली बात तो यह है कि विद्यार्थी पूरे साल कॉलेज गए और सभी क्लासेस अटेंड की। कॉलेज से कई बार बात करने के बाद भी जब हल नहीं निकला तो विद्यार्थी डीएवीवी पहुंचे थे। यहां शिकायत पर संज्ञान लेते हुए परीक्षा नियंत्रक डॉ. अशेष तिवारी और रजिस्ट्रार अजय वर्मा ने कॉलेज प्रिंसिपल कमलजीत भाटिया से बात की। इस पर उन्होंने विद्यार्थियों की फीस लौटाने की बात कही थी, लेकिन एक बार फिर उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ा है। विद्यार्थी आदित्य चौबे ने बताया कि जब हम कॉलेज पहुंचे तो प्रिंसिपल ने फीस वापस करने और टीसी देने से साफ मना कर दिया।


# पुलिस के बाद अब टीचर्स के हाथों में भी नजर आएगा ब्रीथ एनालाइजर

इंदौर ■ ग्लोबल हेराल्ड

**राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में स्कूल बस हादसे ने शहर के पालकों की चिंता बढ़ा दी है। इस वर्ष ये तीसरी घटना है जब स्कूल बस का एक्सीडेंट हुआ है। पूर्व में चालक का नशे में होना भी वजह बना है। भविष्य में स्कूल बस का एक्सीडेंट न हो, इसे ध्यान में रखते हुए डीसीपी ने जोन-1 अंतर्गत स्कूलों के प्रबंधन के साथ बैठक की है। इसी तरह चार्टर्ड बस प्रबंधन से भी चर्चा हुई है। जिसमें स्कूल और चार्टर्ड बस डिपो से बस निकलने के पहले चालक की ब्रीथ एनालाइजर से चेकिंग के निर्देश दिए गए हैं। इसकी रिपोर्ट भी प्रबंधन को तैयार करना होगी। इसे 15 दिन में शुरू करने के लिए कहा गया है।**

### चार्टर्ड बस की स्पीड कम थी, लेकिन कैमरे थे बंद

चार्टर्ड बस की स्पीड कम थी, लेकिन कैमरे थे बंदडीसीपी मिश्रा ने एआइसीटीएसएल प्रबंधन से चर्चा की। प्रबंधन अधिकारी इंदौर-रतलाम



बस की जीपीएस लॉग शीट लेकर आए थे। उन्होंने बताया कि एक्सीडेंट के वक्त बस की स्पीड 32 किमी प्रतिघंटा थी। चार्टर्ड बस और डिवाइडर के बीच दोपहिया वाहन चल रहा था। उसे बचाने के चक्कर में ड्राइवर ने बस बाएं तरफ ली थी। उस दौरान स्कूल बस के पिछले हिस्से में टकरा गई थी। वहीं, डीसीपी ने बस में लगे कैमरे का रिकार्ड मांगा। पता चला कि बस का कैमरा बंद है। सभी बसों के कैमरे चालू है कि नहीं इस दिशा में जांच करने की बात कही। कैमरा बंद होने की स्थिति में प्रबंधन उसे तत्परता से चालू करवाए। प्रबंधन के अधिकारियों से कहा कि सुबह चार्टर्ड डिपो पर पहुंचने के पहले प्रबंधन सभी ड्राइवर की ब्रीथ एनालाइजर से जांच करें। इसके बाद ही उन्हें बायोमेट्रिंक प्रक्रिया में शामिल करें।

जोन-1 डीसीपी आदित्य मिश्रा ने राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र के मां विहार कॉलोनी के गेट पर सत्य सांई विद्या विहार स्कूल बस एक्सीडेंट को गंभीरता से लेते हुए मंगलवार को बैठक की। अधिकारियों ने एक्सीडेंट की वजहों का पता लगाने के साथ राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र के सभी बड़े स्कूलों के प्रबंधन को बुलाया। डीसीपी मिश्रा ने जूनी इंदौर थाना क्षेत्र में लॉरेल्स स्कूल बस की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत का उदाहरण दिया। मिश्रा ने कहा, किस तरह ड्राइवर नशे में बस चला रहे हैं, उनकी इन गतिविधियों को रोकने के लिए प्रबंधन को सख्ती करना होगी। इसके लिए प्रबंधन को 15 दिन के भीतर ब्रीथ एनालाइजर खरीदने होंगे ताकि बस की ड्राइविंग सीट पर बैठने के पहले चालकों की चेकिंग हो सके। इससे एक्सीडेंट में कमी लाई जा सकती है। पायलेट प्रोजेक्ट के तहत शुरू हुई इस पहल का प्रबंधन ने स्वागत किया। सभी ने लॉग सीट बनाकर रोजाना ड्यूटी पर आने वाले बस ड्राइवर का ब्रीथ एनालाइजर टेस्ट रिकार्ड तैयार करने की बात कही है।

# अकेली लड़की से मिलने घर गए युवक को हिंदूवादियों ने पकड़ कर किया पुलिस के हवाले

इंदौर ■ ग्लोबल हेराल्ड

चंदन नगर क्षेत्र में रहने वाली युवती के साथ उसके घर में बजरंग दल के एक दस्ते ने मुस्लिम युवक को पकड़ा और उसकी पिटाई कर पुलिस के हवाले किया। उनका आरोप है कि युवक ने पहचान बढ़ाकर युवती के साथ गलत काम किए। बुधवार को भी वह इसी इरादे से घर में घुसा था। पुलिस ने छेड़छाड़ व अन्य धारा में उसके खिलाफ केस दर्ज किया है। पीडिता ने पुलिस को बताया कि उसके पिता नही है।मां काम पर जाती है। आरोपी अरशद पिता सलीम अक्सर उसे अकेला पाकर घर में आ जाता था।



बुधवार को भी वह घर में घुस आया और कहा कि मैं तुमसे प्यार करता हुं। मुझसे बात किया करो। मैने इनकार किया तो आरोपी ने हाथ पकड़ लिया। और गलत काम करने की कोशिश करने लगा। इसके बाद मैने शोर मचाया तो मकान मालिक आ गए। उन्होंने बजरंग दल पदाधिकारियों को भी सूचना दी। इसके बाद बजरंग दल पदाधिकारियों ने युवक की पिटाई की और उसका मोबाइल भी जांचा। उन्हे आशंका है कि आरोपी अन्य युवतियों को लव जिहाद के लिए दोस्ती करता होगा। पीड़िता ने बताया कि वह युवक को पहले से जानती है, लेकिन उसके गलत इरादे देखकर मैने बातचीत बंद कर दी थी,,लेकिन वह बार-बार मिलने आता था। पुलिस ने युवती की शिकायत पर केस दर्ज करते हुए उसे गिरफ्तार कर जिला कोर्ट में पेश किया।

## जिला पंचायत इन्दौर की सामान्य सभा की बैठक सम्पन्न



इंदौर ■ ग्लोबल हेराल्ड

जिला पंचायत इन्दौर की सामान्य सभा का मासिक सम्मेलन जिला पंचायत कार्यालय के सभा कक्ष में बुधवार को आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीना सतीश मालवीय द्वारा की गई। बैठक में जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री भारत सिंह पटेल, सांसद प्रतिनिधि श्री मोहनसिंह कछावा एवं जिला पंचायत के निर्वाचित सदस्यगण उपस्थित थे। बैठक में सांसद श्री शंकर लालवानी भी उपस्थित हुये।

बैठक में म.प्र. विद्युत वितरण कंपनी लि., श्रम विभाग, सामाजिक न्याय विभाग, सर्वशिक्षा अभियान, भू-सरंक्षण विभाग एवं जल संसाधन विभाग के कार्यों की समीक्षा की गई। सांसद श्री लालवानी द्वारा बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं जनपद पंचायत को निर्देशित किया गया कि आगामी ग्रीष्मकाल को देखते हुये पेयजल समस्या वाले ग्रामो एवं बस्तियों को चिन्हित कर ग्रीष्मकाल में सुचारू पेयजल प्रदाय की कार्ययोजना तैयार कर ली जाये।

# वाहनों की जांच कर यात्रियों से लिया जा रहा है फीडबैक

इंदौर ■ ग्लोबल हेराल्ड

परिवहन विभाग द्वारा लोक परिवहन वाहनों की जांच का अभियान चलाया जा रहा हैं। यात्रियों से भी लोक परिवहन वाहनों को लेकर फीडबैक लिया जा रहा हैं। इसके साथ ही स्कूली वाहनों और ई-रिक्शा की भी जांच की जा रही हैं। परिवहन विभाग ने विभिन्न वाहनों पर कार्रवाई कर 30 हजार रुपये जुमार्ना वसूला।

इंदौर में क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय एवं संभागीय परिवहन सुरक्षा स्क्वाड द्वारा लोक परिवहन वाहनों, स्कूली वाहनों सहित अन्य वाहनों की लगातार चैकिंग की जा रही है। इसमें वाहनों के फिटनेश, परमिट बीमा, पीयूसी, कर प्रमाण पत्र भी चेक किये जा रहे हैं। बसों में ओवरलोडिंग, अधिक किराया की भी जांच की जा रही है। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी प्रदीप कुमार शर्मा ने बताया कि यात्रियों से वाहन की स्पीड, चालक परिचालक के व्यवहार के संबंध में फीडबैक भी लिया जा रहा है। यात्री वाहनों पर परमिट शर्तों के उल्लंघन होने पर जुमार्ना लगाया गया। लोगों को अपने वाहनों पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट (एचएसआरपी) लगवाने के लिए प्रेरित भी किया जा रहा है।




### छह ई-रिक्शा पर कार्रवाई

क्षेत्रिय परिवहन अधिकारी शर्मा ने बताया कि जांच के दौरान छह ई-रिक्शा को जब्त कर कार्यवाही की गई। विगत दिनों में 80 से अधिक ई रिक्शा पर मोटरयान अधिनियम की विभिन्न धाराओं में कार्यवाही की जा चुकी है। यह कार्यवाही निरंतर जारी है। चैकिंग के दौरान निजी वाहन के रूप में पंजीकृत होकर एक मैजिक वाहन से स्कूली बच्चों का परिवहन किया जा रहा था। बच्चों को सुरक्षित छोड़ने के बाद वाहन को जब्त किया गया। साथ ही 20 से अधिक अन्य वाहनों पर मोटरयान अधिनियम एवं मध्य प्रदेश कराधान अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही की गई, जिनसे 30 हजार रुपये जुमार्ना वसूला गया।

## स्कूली और अन्य लोक परिवहन वाहनों की जाँच का अभियान जारी

**इंदौर।** कलेक्टर श्री आशीष सिंह के मार्गदर्शन में क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय इंदौर एवं सम्भागीय परिवहन सुरक्षा स्क्वाड इंदौर द्वारा लोक परिवहन वाहनों, स्कूली वाहनों सहित अन्य वाहनों की लगातार चेकिंग की जा रही है। विभिन्न अनियमितताएं पाये जाने पर दो वाहनों को जब्त किया गया तथा 20 वाहन संचालकों से 25 हजार रुपए का जुमार्ना वसूल किया गया। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री प्रदीप शर्मा ने बताया कि अभियान के तहत वाहनों के फिटनेस परमिट, बीमा, ढवउ, कर प्रमाण पत्र भी चेक किये जा रहे है। बसों में ओवरलोडिंग, अधिक किराया की भी जांच की जा रही है। यात्रियों से वाहन की स्पीड, चालक परिचालक के व्यवहार के सम्बंध में फीडबैक भी लिया जा रहा है।

## सात साल के मासूम को चॉकलेट देकर कर दिया ये गंदा काम

**इंदौर।** एमपी से बेहद शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। जहां एक व्यक्ति ने चॉकलेट देकर सात साल के बच्चे के साथ अप्राकृतिक कृत्य कर दिया है। यह मामला इंदौर के सदर थाना इलाके का बताया जा रहा है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दरअसल, यह मामला इंदौर के सदर बाजार थाना क्षेत्र का है। जहां एक सात साल के मासूम के साथ एक व्यक्ति ने अप्राकृतिक कृत्य किया है। चाइल्डलाइन के अधिकारी और पुलिस ने बच्चों से बातचीत की तो उन्होंने बताया कि घर के पास में ही रहने वाले एक व्यक्ति ने चॉकलेट का लालच देकर मासूम को साथ ले गया और उसके गलत हरकतें शुरू कर दीं। जब मासूम ने दर्द होने की बात अपने परिजनों को बताई तब जाकर पूरी सच्चाई सामने आई।

# हृदय के सबसे बड़े विकार क्रोध को सहजयोग से जीता जा सकता है

इंदौर ■ ग्लोबल हेराल्ड

जब जीवन में संतुलन का अभाव होता है, व हमारे भीतर प्रतिक्रिया करने का भाव अधिक होता है तो मस्तिष्क प्रतिक्षण विचारशील रहता है। विचारों का आभासी ज्ञान हमारे अहंकार को जन्म देता है जिसका विकास क्रोध के रूप में होता है।

क्रोध के परिणाम अधिकांशतः सुखद नहीं होते। हम सभी इस अवगुण से मुक्त होना चाहते हैं परंतु उचित हल नहीं मिलता। सहजयोग इसके लिए अत्यंत उपयोगी मार्ग है। सहजयोग में कुंडलिनी जागरण द्वारा वास्तविक ज्ञान का जो प्रकाश प्रज्वलित होता है वो हमें संतुलन प्रदान कर और समस्त अवगुणों से मुक्त कर देता है। सहजयोग संस्थापिका परम पूज्य श्री माता जी



निर्मला देवी जी ने क्रोध के विषय में अपनी अमृतवाणी में वर्णित किया है कि, हृदय का सबसे बड़ा विकार है क्रोध। क्रोध आ जाता है तो जो पावित्र्य है वो नष्ट हो जाता है, क्रोध हमारा तो शत्रु है ही, लेकिन वह सारे संसार का शत्रु है दुनिया में जितने भी युद्ध हुए, जो भी हानियाँ हुई हैं, ये सामूहिक क्रोध के कारण हुई हैं। (प.पू. श्री माताजी, दिल्ली, 30/3/1990) क्रोध आने का अभिप्राय है कि आपके अन्दर अशान्ति है और आप दूसरे व्यक्ति पर अनावश्यक आक्रमण करने के लिये क्रोधित होते हैं। मौन रहकर भी आप बहुत प्रभावशाली हो सकते हैं। (प.पू. श्री माताजी, 29/ 3/1999) अपने व्यक्तित्व में ओजस्विता, सौम्यता, शांति व संतुलन की स्थापना हेतु सहजयोग में कुंडलिनी जागरण द्वारा आत्मसाक्षात्कार प्राप्त कर आत्मज्ञान की जागृति का अवसर स्वयं को अवश्य प्रदान करें तथा विश्व भर के लाखों साधकों की भांति दिव्य नवजीवन में प्रवेश कर परमात्मा की असीम अनुकंपा से आशीर्वादित हों। आप अपने आत्म साक्षात्कार को प्राप्त करने हेतु अपने नजदीकी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 से प्राप्त कर सकते हैं या वेबसाइट sahajayoga.org.in पर देख सकते हैं।

# इंदौर की कार्यवाही में दो पहिया वाहन चोर आरोपी धराया

इंदौर ■ ग्लोबल हेराल्ड

इंदौर शहर में अपराध नियंत्रण हेतु वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा निर्देशन में क्राइम ब्रांच इंदौर के द्वारा लगातार में चोरी, नकबजनी, लूट आदि करने वाले अपराधियों के विरुद्ध लगातार कार्यवाही कर रही है। इसी अनुक्रम में क्राईम ब्राँच पुलिस इन्दौर को मुखबिर के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई की एक व्यक्ति चोरी की दो पहिया वाहन लिए घूम रहा है। जिस पर क्राईम ब्रांच इन्दौर एवं थाना तेजाजी नगर की टीम ने मुताबिक योजना के आरोपी (1). सोनू उर्फ सरबजीत सिंह अरोड़ा पिता बलजीत सिंह अरोड़ा उम्र 44 वर्ष निवासी 561 गुमास्ता नगर थाना चंदन नगर इंदौर को पकड़ा। उक्त आरोपी ने पुछताछ करने पर बताया



की उसने होंडा एक्टिवा को होली क्रॉस स्कूल के सामने से चोरी करना स्वीकार किया। उक्त वाहन के बारे मे पता करने पर थाना तेजाजी नगर जिला इन्दौर पर धारा 379 भादवि, का पंजीबद्ध होना पाया गया। आरोपी से वारदात के संबंध में पूछताछ, बरामदगी सहित अग्रिम वैधानिक कार्यवाही थाना तेजाजी नगर पुलिस द्वारा की जा रही है।

# जैसी संगत, वैसी रंगत...

## फिर भी जिंदगी हसीन है...

dreamsachieverspune@gmail.com

आईए दोस्तों, आज के लेख की शुरुआत एक कहानी से करते हैं। एक बार एक राजा जंगल से गुजरते वक्त अपने सैन्य दल से बिछड़ गया। काफ़ी देर तक अपने सैनिकों को खोजने का प्रयास करने के बाद उन्होंने अकेले ही जंगल के दूसरी ओर अपने राज्य लौटने का निर्णय लिया। जब वह अपने घोड़े पर चढ़कर वन के घने इलाक़े के बीच बसी एक छोटी सी बस्ती के पास से गुजर रहा था, तब एक झोपड़ी के बाहर, पिंजरे में बंद तोता अचानक ही पुकार उठा, 'मरदुतों कहाँ मरे पड़े हो, जल्दी उठो और पकड़ो इसे... जल्दी दौड़ो और पकड़ो... मार डालो इसको... इसके गहने, हथियार और घोड़ा छीन लो... जल्दी करो, नहीं तो यह भाग जाएगा...'



निर्मल भटनागर (एजुकेशनल कंसलटेंट एवं मोटिवेशनल स्पीकर)
ग्लोबल हेराल्ड

तोते की भाषा से राजा तुरंत समझ गया कि वह गलती से डाकुओं की बस्ती में आ पहुँचा है। उसने बिना एक पल भी गँवाए घोड़े को ऐंठ लगाई और उसे पूरे वेग से घोड़ा दौड़ा दिया। काफ़ी दूर तक तो डाकुओं ने उसका पीछा किया लेकिन जल्द ही उन्हें एहसास हो गया कि राजा को पकड़ना उनके लिए संभव नहीं है। हताश होकर डाकुओं ने राजा का पीछा करना छोड़ दिया और वापस अपनी बस्ती की ओर लौट आए। राजा ने कुछ ही क्षणों में डाकुओं से दूर ले आने के कारण अपने घोड़े की पीठ थपथपाई और एक बार फिर जंगल के पार जाने का रास्ता तलाशने लगा। इसी तरह दौड़ते-भागते आगे जाकर राजा को कुछ ऋषि-मुनियों का आश्रम दिखाई दिया। थका-हारा राजा तुरंत मदद की आस लिए आश्रम की ओर चल दिया। आश्रम के बाहर भी तोते का एक पिंजरा बंधा हुआ था। राजा को देखते ही पिंजरे में बंद तोता ज़ोर-ज़ोर से बोलने लगा, 'आईए राजन, स्वागत है आपका। यहाँ विराजिए... गुरुवर जल्दी आईए, देखिए आज हमारे आश्रम में अतिथि पधारे है। जल्दी से कोई आसन लाओ... पानी लाओ...' तोते की बात सुन मुनि तुरंत अपनी कुटिया से बाहर आए और राजा का यथोचित स्वागत-सत्कार किया। ऋषि-मुनियों द्वारा स्वागत स्वीकार करने के पश्चात, राजा ने मुनियों को प्रणाम करते हुए पूछा, 'गुरुवर, एक दुविधा का समाधान चाहता हूँ। एक ही जाति के दो पक्षी के स्वभाव में; वाणी में; इतना अंतर क्यों देखने को मिलता है?' राजा के प्रश्न का मुनि कुछ जवाब देते उससे पहले ही तोता बोल पड़ा, 'राजन मुझे लगता है आप डाकुओं की बस्ती में मेरे छोटे भाई से मिल आए हो।' इतना कहकर तोता एक पल के लिये रुका, फिर बोला, 'राजन, हम दोनों एक ही माता-पिता की संतान हैं। गलती से उसे बहेलिये ने पकड़ कर डाकुओं को दे दिया और मुझे मुनि को। वह हिंसक डाकुओं और भीलों के बीच रहकर; उनकी बातें सुनकर बड़ा हो रहा है और मैं संतों के बीच में उनकी वाणी; उनके वचन सुनकर।' निश्चित तौर पर दोस्तों, तोते की बात सुनकर राजा को अपने प्रश्न, 'एक ही जाति के दो पक्षी के स्वभाव में; वाणी में; इतना अंतर क्यों देखने को मिलता है?', का बिलकुल सही और सटीक जवाब मिल गया होगा। लेकिन फिर भी हम संक्षेप में उसपर चर्चा कर लेते हैं। असल में दोस्तों, जो जिस संगत में रहता है, उसमें वैसे ही गुण या दोष आ जाते हैं। दूसरे शब्दों में कहा जाए तो अच्छी संगति जहाँ मनुष्य को महान बना सकती है, वही बुरी संगति उसका पतन करा सकती है। जिस तरह पारस पत्थर के संपर्क में आने पर लोहा, सोना बन जाता है, उसी तरह अच्छे इंसान के संपर्क में आने पर दुष्ट से दुष्ट व्यक्ति भी इंसान रूपी देवता बन सकता है और बुरी संगति देवता को भी दुष्ट बना सकती है। इसी को आधार बनाकर कवि श्री सुबा लाल जी ने कहा है,

**'पवन संग मिलि धूल, बन आँधी छुए आकाश। वही धूल कीचड़ बने, जल संग जब बहि जात।।**
**तोता साधु घर पले, करे राम का जाप। हत्यारा संग पाय वह, कहे काट रे काट।।'**

ठीक इसी तरह हमारे शास्त्रों में भी कहा गया है, 'संसर्गजा दोष, गुणा भवंति।' अर्थात् जैसे वातावरण याने संगति में आप रहेंगे, वैसे ही आप बन जाएँगे।


**ALFAVISION OVERSEAS (INDIA) LIMITED**
CIN : L67120MP1994PLC008375
Registered office :1-A, Press Complex A.B. Road Indore Indore MP 452001 IN
Contact No.:9977200123, Email Id: alfavision@alfavalley.in. Website :www.alfavisionoverseasindia.com

"EXTRACT OF UNAUDITED FINANCIAL RESULT FOR THE QUARTER ENDED ON 31ST DECEMBER 2023

(Rs in Lakhs except per share data)

| S.No. | Particulars | Quarter ended | | | Nine Month Ended | | Year Ended |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 31.12.2023 (Un-audited) | 30.09.2023 (Un-audited) | 31.12.2022 (Un-audited) | 31.12.2023 (Un-audited) | 31.12.2022 (Un-audited) | 31.03.2023 (Audited) |
| 1 | Total Income from Operations | 121.81 | 89.89 | 121.91 | 302.71 | 3106.53 | 3081.13 |
| 2 | Net Profit/ (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | -58.57 | 0.91 | 32.89 | 15.86 | 148.81 | 69.34 |
| 3 | Net Profit/ (Loss) for the period before Tax, (after Exceptional and/or Extraordinary items) | -58.57 | 0.91 | 32.89 | 15.86 | 148.81 | 69.34 |
| 4 | Net Profit/ (Loss) for the period after Tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | -58.57 | 0.91 | 32.89 | 29.33 | 148.81 | 68.18 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period (Comprising Profit/ (Loss) for the period (after Tax) and other comprehensive Income (after tax) | -58.57 | 0.91 | 32.89 | 29.33 | 148.81 | 68.18 |
| 6 | Equity Share Capital (Face value of Rs.1/-) | 315.26 | 315.26 | 315.26 | 315.26 | 315.26 | 315.26 |
| 7 | Reserves (excluding Revaluation Reserve as shown in the Audited Balance Sheet of previous year) | | | | | | |
| 8 | Earnings Per Share (of Rs. 1/- each) (for continuing and discontinued operations) - | | | | | | |
| | 1. Basic: | -1.86 | 0.03 | 1.04 | 0.5 | 4.72 | 2.16 |
| | 2. Diluted: | -1.86 | 0.03 | 1.04 | 0.5 | 4.72 | 2.16 |

Notes :
1 The above is an extract of the detailed format of quarterly Financial Results filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirments) Regulation, 2015. The full format of the Quarterly Financial Results are available on the Stock Exchange webiste www.bseindia.com and on the company website www.alfavisionoverseasindia.com
2 The above unaudited Results were reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors at their meeting held on 14th February 2024.

For and on behalf of the Board of Directors

SD/-
RAVI GOYAL
DIRECTOR
DIN : 02839450

Place : Indore (Madhya Pradesh)
Date: 14.02.2024